17 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 3/17/2025 9:45 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 18 मार्च 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 मुर्गा, खरगोश और केकड़ा पकड़ने गांव में आयोजित हुई प्रतियोगिता



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### शहीद दिवस पर इप्टा की प्रभात फेरी 23 को

**अम्बिकापुर।** शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू की शहादत पर हर वर्ष की तरह इस बार भी इप्टा, प्रगतिशील लेखक संघ, भगत सिंह अकादमी सहित अन्य सहयोगी संगठनों द्वारा 23 मार्च को प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इप्टा के वरिष्ठ सदस्य प्रितपाल सिंह अरोरा ने बताया कि इप्टा अपने सहयोगी संगठनों के साथ हर साल शहीद दिवस पर अमर शहीदों की स्मृति में प्रभात फेरी निकालकर उनका स्मरण करता है तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है। शहीद दिवस पर 23 मार्च को सुबह 7 बजे गांधी चौक से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। चौक- चौराहों का भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी महामाया चौक शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत समाप्त होगी।



रमज़ान मुबारक
अठारहवां रोज़ा
आज का इफ्तार - 6.11 बजे
कल की सेहरी - 4.38 बजे

## युवाओं और पहली बार चुनकर आए पार्षदों को भी मिली बड़ी जिम्मेदारी

# महापौर ने घोषित किए एमआईसी सदस्यों के नाम, चार महिलाओं को मिली जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम में महापौर मंजूषा भगत ने आखिरकार अपनी एमआईसी का गठन कर दिया है। महापौर परिषद में कुल 10 सदस्यों को शामिल किया गया है। बड़े दिग्गज नेताओं को हराकर सदन में पहुंचे पार्षदों को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। बड़ी बात यह है कि एमआईसी में कुछ ऐसे पार्षदों को भी शामिल किया गया है जो पहली बार चुनकर आए है। इसके साथ ही 10 एमआईसी सदस्यों के अलावा एसएलआरएम सेंटर के लिए भी एक प्रभारी नियुक्त किया गया है।

**खास बात**
- मेयर ने कहा- सभी 48 वार्डों के लिए सामान रूप से होगा काम

बता दें कि नगर निगम सरकार गठन के बाद से ही महापौर परिषद के गठन का इंतजार हो रहा था। चुनाव में भाजपा के 31 पार्षद जीतकर आए है। सभापति की दावेदारी से बाहर होने के बाद वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे ने एमआईसी में शामिल होने से भी मना कर दिया था इसलिए वे इस रेस से बाहर हो गए। चुनाव के दौरान पार्षद मनीष सिंह ने दिग्गज नेता अजय अग्रवाल को हराने में सफलता हासिल की तो वहीं विपिन कुमार पांडेय ने वरिष्ठ नेता द्वितेंद्र मिश्रा को मात दी। इस लिए यह माना जा रहा था कि इन पार्षदों को सूची में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही शहर के महामाया वार्ड को निगम के इतिहास में पहली बार भाजपा ने जीता है, यहां से प्रियंका विकास गुप्ता ने जीत हासिल कर एमआईसी के लिए दावेदारी की थी। नगर निगम में अधिनियम के तहत 20 प्रतिशत पार्षदों को एमआईसी में शामिल किए जाने का प्रावधान है। इस हिसाब से अधिकतम 10 पार्षदों को ही सूची में शामिल किया जा सकता है। सोमवार को महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने अपने महापौर परिषद के नामों की घोषणा की जिसमें एसटी, एससी, पिछड़ा वर्ग समेत 10 पार्षदों को शामिल किया गया। एमआईसी में 4 महिला पार्षदों को मौका दिया गया है जबकि 5 पार्षद ऐसे है जो पहली बार चुनकर सदन में पहुंचे है लेकिन उन्हें परिषद में शामिल कर लिया गया है। बड़ी बात यह है कि स्वच्छता शहर का एक सबसे बड़ा अंग है इसलिए पहली बार नगर निगम में किसी पार्षद को एसएलआरएम सेंटर का प्रभारी बनाया गया है।

### जनता के लिए करना होगा कामः मंजूषा



महापौर परिषद के गठन उपरांत पत्रकारों से चर्चा करते हुए महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि उन्होंने अपने अधिकार क्षेत्र का उपयोग करते हुए परिषद के सदस्यों के नाम की घोषणा की है। इस सूची में महिलाओं को अहम जिम्मेदारी दी गई है तो वहीं पहली बार चुनकर आए पार्षदों को भी काम करने का मौका दिया गया है। एमआईसी सदस्यों को जनता के लिए काम करना होगा और नगर निगम में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना होगा। जनता ने हमें चुनकर सदन में भेजा है इसलिए हम समय समय पर कार्यों की समीक्षा करेंगे और यदि एमआईसी सदस्य उम्मीदों पर खरा नहीं उतरते है और बेहतर काम नहीं करेंगे तो उन्हें बदला भी जा सकता है। मेयर श्रीमती भगत ने कहा कि जल्द ही एमआईसी की बैठक लेकर बजट तैयार करने को लेकर चर्चा की जाएगी। शहर के 48 वार्डों की जनता ने मुझे यहां चुनकर भेजा है इसलिए बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डों में काम किया जाएगा। चुनाव के दौरान की गई घोषणाओं पर भी अमल करने का कार्य किया जाएगा।

### इन्हें मिली ये जिम्मेदारी

**मनीष सिंह** - आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग
**जितेंद्र सोनी (अज्जु)** - जल कार्य विभाग
**श्रीमती ममता तिवारी** - स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग
**श्रीमती अनिता रविन्द्र गुप्त भारती** - बाजार विभाग
**सुशांत कुमार घोष** - शिक्षा विभाग
श्रीमती प्रियंका विकास गुप्ता - महिला तथा बाल कल्याण विभाग
विपिन कुमार पांडेय - खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति विभाग
रविकान्त उरांव - पुनर्वास तथा नियोजन विभाग
श्रीमती श्वेता गुप्ता -राजस्व विभाग
विशाल गोस्वामी (दूधनाथ) - विधि तथा सामान्य विभाग
शशिकांत जायसवाल - एसएलआरएम प्रभारी














# बेकार घूमने के लिए टोका तो पति ने कर दी पिटाई, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

काम नहीं करने और घुमने फिरने का ताना मारने पर आक्रोशित पति ने पत्नी की बेदम पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया। शराब के नशे में दम्पति के बीच हुए विवाद के दौरान आरोपी ने पत्नी के सिर को दिवार पर पटकने के साथ ही चाकू से हमला कर दिया। मारपीट के बाद गंभीर रूप से घायल पत्नी को छोड़कर आरोपी अपने पिता के घर चला गया। इस दौरान घर में घायल महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरान्त आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

- हत्या के मामले में आरोपी युवक गिरफ्तार, रनहत का मामला, शराब के नशे में हुआ था विवाद

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के चलगली थाना के रनहत चौकी अंतर्गत ग्राम मकरो हेंठपारा निवासी 35 वर्षीय बिनोद बरगाह आ. श्रीमान बरगाह पत्नी प्रमिला बरगाह और बच्चों के साथ रहता था। 15 मार्च को पति पत्नी ने अलग अगल जगह जाकर शराब पीया और शाम को 6 से 7 बजे के बीच घर लौट आए थे। इस दौरान उनके बच्चे अपने दादा दादी के घर चले गये थे। शाम को घर आने के बाद बिनोद बरगाह खाना बनाने के लिए प्याज काट रहा था जबकि उसकी पत्नी प्रमिला बगल में बैठी हुई थी। बातचीत के दौरान महिला ने पति को काम नहीं करने और बेवजह घुमते रहने को लेकर ताना मारा जिसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद के दौरान आरोपी पति ने पहले प्रमिला को एक थप्पड़ मारा जिससे वह दूर जा गिरी इसके बाद शराब के नशे में धुत महिला भी उठकर मारपीट करने के लिए पहुंच गई लेकिन पति बिनोद बरगाह ने फिर से महिला को पकड़ लिया और उसका बाल पकड़कर दो तीन थप्पड़ मारने के साथ ही उसके सिर को दिवार पर पटकने लगा जिससे महिला की चूड़ी और माला टूट गये और महिला भी गंभीर रूप से घायल हो गई। मारपीट के दौरान महिला भी पति को मारने के लिए दौड़ी तो आरोपी पत्नी ने हाथ में रखे चाकू से महिला के सिर में मारने का प्रयास किया लेकिन वह चूक गया और महिला ने बचने के लिए जैसे ही सिर घुमाया चाकू महिला के गले के ऊपर ठुड्ढी में जाकर लगा जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मारपीट के बाद आरोपी पत्नी को घर में छोडकर अपने पिता के घर चला गया। रात को 9 बजे जब बिनोद वापस आया तो महिला जमीन पर दर्द से कराह रही थी जिसके बाद आरोपी ने उसे बिस्तर में सुला दिया। इस दौरान घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला की ⏭ शेष पेज 4 पर

## रेलवे मजदूर कांग्रेस का जोनल मुख्यालय बिलासपुर में विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन आज

**बिश्रामपुर।** नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे के आह्वान पर मंगलवार 18 मार्च को साऊथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता डीआरएम दफ्तर के समक्ष विभिन्न मांगो को लेकर प्रदर्शन करेंगे।मजदूर कांग्रेस के करंजी ब्रांच सेक्रेटरी पप्पू सिंह ने बताया कि रेल कर्मचारियों के हित मे करीब डेढ़ दर्जन से अधिक माँगो को लेकर उक्त धरना प्रदर्शन एनएफआईआर के आह्वान पर किया जाना सुनिश्चित हुआ है।जिसमे प्रमुख माँगो में ओल्ड पेंशन स्कीम को अविलंब बहाल करने ,रेलवे मैन पवार बढ़ाने,निजीकरण बन्द करने सहित कुल 19 मांगे शामिल हैं।उक्त धरना प्रदर्शन को सफल बनाने बड़ी संख्या में रेल कर्मी बिलासपुर के लिए आज रवाना हुए हैं।

BRILLIANT PUBLIC SCHOOL ®
विद्या
ESTD. 2001
VASUNDHARA
Brilliant Public School
Igniting Wisdom



You are cordially invited to our
Parenting WORKSHOP
Empower your parenting journey with practical tips & expert guidance at our interactive workshop !
10:00 AM - 12:30 PM | 18th MARCH, 2025
Indoor Sports Hall, BPSV.



ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
MONTESSORI TO GRADE VIII
• NCF 2023 Aligned Curriculum • 20:1 Student Teacher Ratio • AC Transport is available.
Scan For Registration
FACILITIES : YOU NAME IT AND WE HAVE IT
School Campus : Near Vasundhara Green Valley, Raigarh Road, Ambikapur (C.G.)
8985 44 2000, 9244 120 300
Bpsv@brilliantabkp.com | Info@brilliantabkp.com www.brilliantabkp.com
Follow Us On Instagram
Required Applications are invited for: TGT ( English ) LIBRARIAN PPRT & PRT
Fluency in English is a must & Salary no bar for deserving candidates.
SEND YOUR RESUME TO: careers@brilliantabkp.com
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप



### पूर्व सीएम भूपेश बघेल का किया गया स्वागत

**लखनपुर।** क्षेत्र के पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। बता दें कि जशपुर जिले के कुनकुरी में नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरगुजा पहुंचे थे। इस दौरान लखनपुर में पूर्व सीएम श्री बघेल के आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश जायसवाल एवं युवा कांग्रेस के अंबिकापुर विधानसभा अध्यक्ष आमिर सोहेल के नेतृत्व में युवा कांग्रेसियों के द्वारा आतिशबाजी एवं ढोल नगाड़ा के साथ सैकड़ों की संख्या में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत उपरान्त भूपेश बघेल अंबिकापुर के लिए रवाना हुए। विदित हो कि वे रायपुर से कुनकुरी नगर पंचायत में कांग्रेस के नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। नगर पंचायत कुनकुरी सीएम विष्णुदेव साय का गृह क्षेत्र है और यहां से कांग्रेस को जीत मिली है। पूर्व सीएम के स्वागत के दौरान पार्षद ईश्वर राजवाड़े, सत्यम साहू, शिवांग, इमरान हुसैन के साथ एनएसयूआई व कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

### सृष्टि शैफाली मिंज को मिली पीएचडी की उपाधि

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय द्वारा सृष्टि शैफाली मिंज को उनके शोध विषय एन इम्पीरिकल एनालिसिस ऑन प्राइवेट सेक्टर



टेलीकम्यूनिकेशन कम्पनीस : मार्केटिंग स्ट्रेटिजीस पर वाणिज्य संकाय के अंतर्गत डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री प्रदान की गयी है। उन्होंने अपना शोध कार्य श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय शोध केन्द्र से प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में पूरा किया है। वर्तमान में सृष्टि शैफाली मिंज शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय में वाणिज्य विषय की सहायक प्राध्यापक के पद में पदस्थ है। उन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता के आशीष एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में शिक्षक-शिक्षिकाओं को दी गई पोक्सो एक्ट की जानकारी



**राजपुर।** स्थानीय सेंट जेवियर्स स्कूल राजपुर में शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिये पोक्सो एक्ट 2012 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। डिजिटल युग में मीडिया का प्रभाव सभी क्षेत्रों में जबरदस्त देखने को मिलता है। स्कूल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ नैतिक, सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों को देना शिक्षक के लिए एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इसी परिपेक्ष में डॉ. अशोक कुजूर, पीसीई मप्र प्रोभिन्स एवं फा. कुलदीप बड़ा अधिवक्ता द्वारा सेंट जेवियर्स स्कूल राजपुर में शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए पोक्सो एक्ट 2012 पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया था। अधिवक्ता फा. कुलदीप बड़ा ने पोक्सो एक्ट के विभिन्न धाराओं के गंभीरता पर विस्तार से चर्चा की एवं हर संभव कानूनी प्रक्रिया से सजग रहने व सही समय पर कदम उठाने की सलाह दी। इस दौरान सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी जिम्मेदारी, समर्पण एवं बच्चों की सुरक्षा के प्रति शपथ ली। फा. अशोक कुजूर ने सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट करते हुए जेसुविट स्कूल के मूल्यों तथा आदर्शों को साकार करने का आह्वान किया। मि. फिरोज फुलजेन्स के धन्यवाद ज्ञापन के साथ एक दिवसीय सेमिनार सम्पन्न हुआ। ट्रेनिंग में फा. सेबास्तियन तिग्गा, प्राचार्य, फा. मनोज लकड़ा, मि. अमोल कुमार मरकाम, उप प्राचार्य मिस. प्रभा टोप्पो, हेडमिस्ट्रेस एवं स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### शराब पीने से मना किया तो गले पर अड़ा दिया चाकू

**अंबिकापुर।** सीतापुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विवेक शर्मा आ. राजकुमार शर्मा सीतापुर में कन्या हाई स्कूल के पेचे रुपेश गुप्ता के किराए के मकान में रहता है। 15 मार्च की दोपहर विवेक शर्मा कदम चौक स्थित गुड्डू पैकरा के किराना दुकान में सामान खरीदने गया हुआ था। दुकान पर अनिल पैकरा भी मौजूद था। गुड्डू और अनिल ने विवेक शर्मा से शराब पिलाने की बात कही तो वह उन्हें लेकर अंग्रेजी शराब दुकान गया और शराब की बोतल खरीदने के बाद तीनों दोपहर 3 बजे अनिल पैकरा के खेत वाले घर में चले। अनिल पैकरा और गुड्डू ने शराब पीना शुरू कर दिया और विवेक से भी शराब पीने को कहा। जब विवेक ने कहा कि वह अंग्रेजी शराब नहीं पीता है तो उन्होंने गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। आरोपी गुड्डु पैकरा ने विवेक के पैर को पकड लिया और अनिल पैकरा ने पुराने जमीन विवाद की बात करते हुए उसके गले पर घर में रखा चाकू लगा दिया और जान से मारने की धमकी दी। चाकू से बचने के दौरान चाकू से उसकी बाएं हाथ की उंगली में चाकू लग गई जबकि मारपीट से वह घायल हो गया। इस मामले में पुलिस ने युवक की शिकायत पर गुड्डू पैकरा व अनिल पैकरा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## नपं अध्यक्ष प्रेमदान ने कहा- जो काम अधूरे रह गए उन्हें किया जाएगा पूरा

# नपं के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर पंचायत चुनाव में जीत कर आये अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। नगर पंचायत परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री अमरजीत भगत थे। अतिथियों की मौजूदगी में एसडीएम नीरज कौशिक ने अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर समेत 15 पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**खास बात**
- एक मंच पर नजर आए विधायक राम कुमार टोप्पो व पूर्व मंत्री अमरजीत भगत

शपथ ग्रहण के बाद दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए प्रेमदान कुजूर ने कहा कि वो नगर पंचायत के विकास के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे। पिछले कार्यकाल में जो काम अधूरे रह गए है उन्हें इस कार्यकाल में पूरी प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर के सौंदर्यीकरण के अलावा खेल की दिशा में इंडोर स्टेडियम एवं स्टेडियम का कायाकल्प उनके एजेंडे में शामिल है। इस दौरान मंच पर भाजपा कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता समेत नायाब तहसीलदार तुषार माणिक, सीएमओ ओमप्रकाश शर्मा, लेखापाल विक्रांत सोनी व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



मंच पर उपस्थित नवनिर्वाचित अध्यक्ष के साथ पूर्व मंत्री अमरजीत भगत व विधायक रामकुमार टोप्पो।

### बहुमत के बाद भी बागी ने हासिल की उपाध्यक्ष की सीट, कांग्रेस ने मनाया जीत का जश्न

नगर पंचायत में आयोजित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद हुए उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा को फिर से एक बार मुंह की खानी पड़ी। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए हुए सीधे मुकाबले में 9 मतों से हार के बाद अब उपाध्यक्ष का पद भी गवाना पड़ गया। बहुमत के बाद भी भाजपा नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव 9 के मुकाबले 7 मतों से हार गई। भाजपा से निर्विरोध चुनकर आये पार्षद विवेक नामदेव उर्फ विक्की ने बागी होकर चुनाव लड़ा और उपाध्यक्ष पद पर अपना कब्जा जमाया। उन्होंने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी भवानी सिंह को 2 मतों से पराजित करते हुए उपाध्यक्ष का चुनाव जीता। नगर पंचायत में उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी खड़ा नहीं किया था जिससे उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी भवानी सिंह एवं भाजपा के बागी प्रत्याशी विवेक नामदेव उर्फ विक्की के बीच सीधा मुकाबला हुआ। उपाध्यक्ष पद के लिए होने वाले इस चुनाव में भाजपा की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई थी। जिसकी वजह से यह चुनाव बड़ा रोचक हो गया था और दोनों प्रत्याशी अपनी जीत तय मानकर चल रहे थे। प्रतिष्ठा पूर्ण हुए इस चुनाव में कांग्रेस ने बड़ा खेल खेला और उसके चार पार्षद समेत कांग्रेस समर्थित 2 निर्दलीय पार्षदो ने भाजपा के बागी प्रत्याशी विवेक उर्फ विक्की को अपना समर्थन दे दिया। इसके अलावा भाजपा के पार्षदों ने भी क्रॉस वोटिंग कर भाजपा की हार में बड़ी भूमिका निभाई। इस जीत के बाद जहां भाजपाई खेमे में मायूसी छाई हुई है वही कांग्रेस ने भाजपा के बागी प्रत्याशी की जीत का जमकर जश्न मनाया।



### जपं के नव निर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने ली शपथ

सेदम/बतौली। जनपद पंचायत बतौली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस दौरान अतिथियों की मौजूदगी में नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता तिर्की, उपाध्यक्ष मंजू हरि गुप्ता सहित 13 जनपद सदस्यों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। बता दें कि इस कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय को शामिल होना था लेकिन वे उपस्थित नहीं हो पाई इसके साथ ही सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो भी नगर पंचायत सीतापुर के उपाध्यक्ष चुनाव में व्यस्त रहने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, अनिल सिंह मेजर, महापौर मंजूषा भगत, हरपाल सिंह भामरा,जिला पंचायत अध्यक्ष निरुपा सिंह, अंबिकेश केसरी, जिला महामंत्री देवनाथ सिंह, हरि गुप्ता, आशीष गुप्ता, निशांत गुप्ता, नानमणि पैंकरा, जनपद सीईओ लक्ष्मीनारायण सिदार, बीईओ शरद चंद्र मेस्पाल, उमेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।




धू-धूकर जलता जंगल।

# कोठी पहाड़ से सटे नर्सरी में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

कोठी पहाड़ के तराई में मौजूद आदर्श गोठान के समीप स्थित नर्सरी में शाम को भीषण आग लग गई। तेज लपटों के कारण नर्सरी भी पूरी तरह आग की चपेट में आ गई। नर्सरी में सूखे पत्ते होने की वजह से आग दावानल का रूप लेता जा रहा है। इसे में आसपास क्षेत्र के अलावा वहां मौजूद निजी शैक्षणिक संस्थान पर भी आग का खतरा मंडराने लगा है।

- आगजनी के पीछे शरारती तत्वों का हाथ

उक्त आगजनी की घटना ग्राम सोनतराई में कोठी पहाड़ के पास मौजूद आदर्श गोठान के पास की है। बताया जा रहा है कि शाम 6 से 7 बजे के बीच यूकेलिप्टस की नर्सरी में आग की लपटें उठने लगी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण करना शुरू कर दिया व नर्सरी को अपनी चपेट में ले लिया। नर्सरी में सूखे पत्ते होने की वजह से आग तेजी से चारो तरफ फैलने लगा। कुछ देर में ही आग ने दावानल का रूप लेते हुए पूरी नर्सरी को अपनी चपेट में ले लिया। इस आगजनी की वजह से आदर्श गोठान समेत नर्सरी के बाजू में स्थित निजी स्कूल पर खतरा मंडराने लगा है। आग की बढ़ती लपटों की चपेट में कही ये दोनों आ गए तो फिर भारी नुकसान हो सकता है। नर्सरी में हुई आगजनी की घटना से लोगो ने इस घटना से वन विभाग को अवगत कराया। जिसके बाद वन अमला आग बुझाने की मशीन लेकर मौके पहुंचा। वन विभाग के पहुंचने से पहले ही आग ने नर्सरी के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया था जिसकी वजह से आग पर काबू पाने में वन अमले को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया तो इससे नर्सरी को काफी नुकसान हो सकता है। कोठी पहाड़ के नर्सरी में लगी आग के पीछे शरारती तत्वों का हाथ हो सकता है। दरअसल शाम ढलते ही नर्सरी में अराजक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है। असामाजिक तत्व वहां बैठकर शराब पीने के साथ ही उत्पात मचाते है। संभावना जाई जा रही है कि अराजक तत्वों ने सिगरेट जलाने के दौरान माचिस की तीली सुलगाकर छोड़ दी होगी। जिसकी वजह से नर्सरी में आगजनी की घटना हुई होगी। इस संबंध में डिप्टी रेंजर राजेश यादव ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस आगजनी के पीछे या तो शरारती तत्वों का हाथ होगा या फिर बिजली का तार टूट कर गिरा होगा। जिसकी वजह से शार्ट सर्किट हुआ होगा और आग लगी होगी।

# इस्कॉन प्रचार केंद्र में धूमधाम से मनाया गया गौर पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



इस्कॉन प्रचार केंद्र में रविवार को गौर पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। हरिनाम संकीर्तन के प्रवर्तक भगवान चैतन्य महाप्रभु के शुभ अवतरण दिवस को मनाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु, भक्त और युवा इस भव्य आयोजन में एकत्र हुए। महोत्सव का शुभारंभ भक्तिमय कीर्तन से हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने नृत्य और भजन के माध्यम से अपनी भक्ति भावनाओं को अभिव्यक्त किया।

- 51 किलो फूलो से खेली गई होली, 56 भोग किए गये अर्पण

इस अवसर पर 51 किलो फूलों से भव्य होली खेली गई जिससे पूरा परिसर रंग-बिरंगे पुष्पों की सुगंध से भर गया। अलौकिक वातावरण में ब्रह्म संहिता का पाठ करते हुए भगवान श्री श्री गौर-निताई का भव्य अभिषेक फलों के रस, पंचामृत और फूलों से किया गया। हरिनाम संकीर्तन के साथ भगवान श्री श्री गौर निताई एवं महाप्रभु जगन्नाथ की वैदिक पंचरात्र पद्धति से आरती की गई। भगवान चैतन्य महाप्रभु को भक्तों द्वारा तैयार विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजनों सहित विशेष 56 भोग अर्पण किए गए। भोग अर्पण के बाद सभी उपस्थित भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि इसमें बड़ी संख्या में युवा, विशेष रूप से मेडिकल और इंजीनियरिंग के छात्र, बढ़-चढ़कर शामिल हुए। उन्होंने इस्कॉन के माध्यम से भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं और आध्यात्मिक जीवनशैली के प्रचार-प्रसार की सराहना की। महोत्सव के दौरान इस्कॉन अंबिकापुर प्रचार केंद्र के प्रभारी दयानिधि दास ने भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु के अवतरण की पृष्ठभूमि, उनके अवतार के उद्देश्य और उनकी शिक्षाओं के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि चैतन्य महाप्रभु ने जातपात की सीमाओं को तोड़कर प्रेम और भक्ति के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दी और कलयुग में हरिनाम संकीर्तन को मोक्ष का सरलतम मार्ग बताया।

इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवेश सिंह, राजकीर्ति जायसवाल, हेमंत गोयल, शार्दुल विक्रम, स्वस्तिक श्रीवास्तव, सिद्धार्थ पाठक, श्रीमति अश्विनी देशमुख, प्रज्ञा पांडे, महिमा कुशवाहा, प्रियांशी कन्नौजिया सहित एनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### होली मिलन समारोह में लोगों ने खेली जमकर होली

**रामानुजगंज।** सागर मोती फाउंडेशन के प्रमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में नगर के गांधी मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन परंपरागत फाग गीतों के बीच किया गया जिसमें नगर के साथ आसपास के गांवों के लोग शामिल हुए एवं एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगा जमकर होली खेली। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने गांधी मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह में नगर वासियों के साथ जमकर होली खेली। उन्होंने कहा कि वर्षों से हम सब एक साथ मिलकर होली पर्व मना रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह रहता है तथा शहर के विभिन्न वार्डों के लोग आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे के साथ मिलकर होली खेलते हैं। समारोह में लोगों ने एक-दूसरे को रंग, अबीर लगाकर जमकर होली खेती तथा एक-दूसरे को बधाई दी। इस दौरान नगर के कलाकारों ने उमाशंकर व्यास के नेतृत्व में एक से बढ़कर एक फाग गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान सुभाष जायसवाल, कन्हैया लाल अग्रवाल, गोपाल गुप्ता, शिव अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अशोक जैन, रमाशंकर दुबे, अजय गुप्ता, संतोष गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, मोहन गुप्त, शंकर अग्रवाल, रामसेवक गुप्ता, दिलीप केशरी, महेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व नगरवासी उपस्थित थे।




### जयनगर बंद खदान समीप बाइक सवार युवक को अज्ञात युवकों ने दिया धक्का

**बिश्रामपुर।** बाइक सवार युवक से लूटपाट की कोशिश करने मामले में युवक को गंभीर चोटें आई है। गौरतलब है कि लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महेशपुर निवासी ठाकुर प्रसाद राजवाड़े पिता सुपाड़ी राजवाड़े सोमवार की शाम अपनी ग्लैमर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीजी 9326 को रिपेयरिंग कराकर उसमें वापस घर लौट रहा था। इस दौरान शाम करीब सात बजे 8 से 10 की संख्या में अज्ञात युवक बाइक सवार ठाकुर प्रसाद राजवाड़े से लूटपाट करने की नीयत से उसका पीछा कर रहे थे। इसकी भनक लगते ही युवक ने अपने परिजनों को मोबाइल से मामले की सूचना दी, जिससे युवक के परिजन भी उसको खोजते हुए पहुंचे,तब तक अज्ञात युवकों द्वारा बाइक सवार प्रार्थी युवक ठाकुर को जयनगर बंद खदान समीप धक्का देकर फरार हो गए हैं।धक्का लगने की वजह से अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार युवक ठाकुर प्रसाद राजवाड़े को शरीर में कई जगह चोटें आई है, जिसे परिजन द्वारा मौके से ले जाकर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- लूट करने की नियत से आधा दर्जन बदमाश बाइक सवार युवक का कर रहे थे पीछा



### वन अमला अग्नि प्रहरियों की मदद से कर रहा जंगल की आग बुझाने की कोशिशें

**उदयपुर।** वन परिक्षेत्र उदयपुर में चार सौ हेक्टेयर वन क्षेत्र में 26 बीट है जिनमें अग्नि प्रहरी नियुक्त किया गया है। प्रहरियों को 26 नग ब्लोअर मशीन प्रदान कर जंगलों की आग बुझाने के लिए निर्देशित किया गया है। वन क्षेत्र के रहवासी इलाकों में वन कर्मियों ने विगत दिनों वन समिति व ग्रामीणों के बीच बैठक कर कर्मचारियों ने ग्रामीणों को जंगल में आग नहीं लगाने की समझाइश दी। जंगली जीव-जंतुओं का भोजन-पानी वन पर निर्भर होने की जानकारी देकर सभी को इनकी सुरक्षा करने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। जंगल में आग लगने से वन संपदा के साथ ही कई प्रकार की हानि होती है। इस दौरान डांडगाव सर्किल में अमरनाथ राजवाड़े, विष्णु सिंह पैकरा ने ग्रामीणों को जंगलों की सुरक्षा करने तथा जंगल में आग नहीं लगाने ना ही किसी को आग लगाने देने की शपथ दिलाई। विभाग द्वारा उदयपुर, चकेरी, डांडगांव, केदमा, लक्ष्मणगढ़, शायर बीट में भी सर्किल प्रभारी द्वारा ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है। इस संबंध में रेंजर कमलेश राय ने बताया कि जंगल में आग नहीं लगाने के लिए फरवरी से ही वन कर्मचारियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। क्षेत्र में महुआ बीनने वाले ग्रामीण अक्सर आग लगाते है। अग्नि प्रहरी व ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाई जाती है।

# ईश्वर के प्रति शरणागत होने से विचारों में आती है शुद्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



महामना मालवीय मिशन द्वारा बीएल गुप्ता के निवास स्थान पर आध्यात्मिक संवाद एवं गीता पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान गीता के नौवें अध्याय का पाठ उपरांत समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि ईश्वर के प्रति शरणागत होना और नित्य कर्म में निरंतरता से व्यक्ति के अंदर श्रद्धा का भाव उत्पन्न होता है। प्रतिदिन व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में कुछ ऐसा कार्य करें जिससे ईश्वर के प्रति लगाव बना रहे। पांच मिनट के योग, ध्यान से भी व्यक्ति के विचारों में शुद्धता आती है। ललित मोहन तिवारी ने कहा जो व्यक्ति गीता का पाठ करता है उसे अन्य पूजा-पाठ की आवश्यकता नहीं है। भगवान श्रीकृष्ण के स्मरण मात्र से व्यक्ति में शुद्धता का संचार होने लगता है। दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि सामूहिक आध्यात्मिक संवाद में उपस्थित होने से व्यक्ति के विचारों में बदलाव आता है। राज कुमार गुप्ता ने कहा कि व्यक्ति कर्म से महान बनता है इसलिए व्यक्ति को अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राज नारायण द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में समाज की सबसे बड़ी समस्या भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए भारतीय संविधान में कानून भी है परंतु भ्रष्टाचार रूकता नहीं। इस विषय पर चिंतन करने की आवश्यकता है। आध्यात्मिक विचारों का समावेश होने से व्यक्ति के विचारों में बदलाव आता है। विचारों के बदलाव से भ्रष्टाचार को रोका जा सकता है। कुटुंब प्रबोधन के जिला प्रमुख दीनदयाल अग्रवाल ने कहा कि परिवार को एक साथ जोड़कर रखना आज की बड़ी जरूरत है। इसके लिए सुसंस्कारी परिवार का निर्माण हो। परिवार को विखण्डन से बचाने की आवश्यकता है। टेलीविजन और मोबाइल ने पारिवारिक संवाद को समाप्त कर दिया है। इस समस्या का निदान भी हम जानते हैं परंतु अमल नहीं करते। ऐसे तथ्यों पर चिंतन करने की आवश्यकता है। इस दौरान मदनमोहन मेहता, आरएन अवस्थी, अशोक सोनकर, जय प्रकाश चौबे, हरिशंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

- अध्यात्मिक संगोष्ठी में समसामयिक विषयों पर हुई चर्चा

### करंजी स्थित केनापारा में कुएं में गिर जाने से युवक की हुई मौत

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी के ग्राम केनापारा में सोमवार की प्रातः गांव के 35 वर्षीय युवक खिरोधन राजवाड़े पिता स्व.भैया लाल का शव घर के समीप कुएं में पड़ा हुआ मिला।अनुमान लगाया जा रहा है कि शौच के लिए प्रातः पानी भरने के दौरान वह कुएं में गिर गया, सुबह जब वह घर पर नहीं मिला तो परिजन उसकी तलाश करने लगे,इस दौरान कुएं के पास उसकी चप्पल पड़ी हुई दिखी,तत्पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने कुएं में झग्गर डालकर युवक के शव को बाहर निकाला और पुलिस को मामले की सूचना दी।रिपोर्ट पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।

# कांग्रेस अनुशासनहीनता और आपसी टकराव का पर्याय बन चुकी : सिसोदिया

**अम्बिकापुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन पूर्व हुए मारपीट की घटना पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि कांग्रेसियों में अनुशासनहीनता और अंदरूनी गुटबाजी अब सामने आ चुकी है। कांग्रेस अब अनुशासनहीनता और आपसी टकराव का पर्याय बन चुकी है। कांग्रेसी कार्यकर्ता और पदाधिकारी अपनी ही पार्टी को एकजुट रखने में असफल हो चुके हैं।



उन्होंने कहा कि विधानसभा, लोकसभा और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी निराशा और आक्रोश है। यह घटना कांग्रेस की विफलताओं की झलक मात्र है। आने वाले समय में कांग्रेस का यह अंतर्कलह और अधिक बढ़ेगा। कांग्रेस पार्टी केवल दिखावटी राजनीति करती है और जनता के मुद्दों पर जवाब देने के समय एक-दूसरे पर ही हमला करने लगते हैं। स्पष्ट है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अपनी ही पार्टी पर विश्वास नहीं रह गया है। कांग्रेस सरकार ने केवल जनता को गुमराह करने का काम किया। उनके कार्यकाल में बेरोजगारी बढ़ी, किसान संकट में रहे, और प्रदेश में उद्योगों को भी नुकसान पहुंचा। जनता ने अपनी नाराजगी चुनावों में दिखा दी, लेकिन कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता अब भी वास्तविकता से आंखें मूंदे बैठे हैं और भाजपा के सुशासन को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार प्रदेश को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा सरकार विकास, स्थिरता और सुशासन पर केंद्रित रही है। छत्तीसगढ़ में बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा है, किसानों को सहायता मिल रही है, और युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। जो कांग्रेस को बर्दाश्त नहीं हो रहा है वे अब हिंसा पर उतर आए हैं।

# ग्रामीणों ने घेराबंदी कर पकड़े 11 मवेशी, तस्कर ले जा रहा था बूचड़खाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामचन्द्रपुर

ग्रामीणों द्वारा घेराबंदी करने पर 11 गायों को पिकअप में क्रूरतापूर्वक ठूंसकर बूचड़खाना ले जा रहे चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। ग्रामीणों ने तस्कर के चंगुल से मवेशियों को मुक्त करा पुलिस को सौंपा है। ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को तलाश रही है। रविवार को सुबह 5 बजे पिकअप क्रमांक जेएच 03 एके 1604 से बरवाही आनंदपुर के कच्चे रास्ते से मवेशी तस्करी कर बूचड़खाने ले जाने की शंका पर ग्रामीणों ने ग्राम बरवाही निवासी बुद्धी नारायण गुप्ता के नेतृत्व में पिकअप का पीछा किया। ग्रामीणों द्वारा घेराबंदी करने पर चालक पिकअप छोड़कर भाग निकला। पिकअप में 9 गाय एवं 2 बछड़ों को ठूंसकर चालक झारखण्ड स्थित बूचड़खाना ले जा रहा था। बुद्धि नारायण गुप्ता ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप व मवेशियों को जब्त किया है तथा कृषि, पशुपालन संरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,6,10 एवं पशु क्रूरता अधिनियम 11 ध के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को तलाश रही है।

## खबर संक्षेप

### सफाई कर्मचारी लंबित मांगों को लेकर करेंगे चरणबद्ध आंदोलन

**अंबिकापुर।** ईपीएफ, जीपीएफ भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में उन्होंने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपने के साथ ही जल्द से जल्द मांग पूरी करने की बात कही है। इस सम्बन्ध में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुशन राम ने बताया कि सफाई कर्मियों द्वारा नियमित कर्मचारियों, दैनिक वेतन भोगी, प्लेसमेंट कर्मचारियों, कमांडो कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान की मांग की जा रही है इसके साथ ही हमें नियमित रूप से वेतन भुगतान करने की मांग वर्षों से चल रही है। सभी सफाई कर्मियों के ईपीएफ, जीपीएफ की लंबित राशि तत्काल जमा कराने तथा खातें में प्रत्येक माह कटौती की जाने वाली राशि नियमित रूप से जमा की जाए। सफाई कर्मचारियों का समयमान वेतन के लंबित एरियर्स का भुगतान करने की मांग की जा रही है। इसके साथ ही सफाईकर्मियों को वर्दी व अन्य सामग्री भी प्रदान की जानी चाहिए, सफाई जमादार के वर्षो से रिक्त पदों पर योग्यता एवं वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति दी जाए। उन्होंने बताया कि इन मागों को लेकर समय समय पर ज्ञापन सौंपकर निवेदन किया गया लेकिन हमारी मांगों पर शासन प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं लिया। अनदेखी से नाराज सफाई कर्मियों ने चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है। इसके तहत यदि कर्मचारियों की मांगों को 25 मार्च तक पूर्ण कर लिया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर 28 मार्च को ननि प्रशासन भवन में भोज अवकाश के समय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान संतोष राम रावते, सविता रावते सहित अन्य मौजूद थे।

### यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन की दो दिवसीय हड़ताल 23 से

**बिश्रामपुर।** देश भर में कार्यरत नौ बैंक यूनियन के संयुक्त संगठन यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन ने विभिन्न मांगों को लेकर आगामी 23 मार्च की मध्यरात्रि से 25 मार्च की मध्यरात्रि तक 48 घण्टे के अखिल भारतीय बैंक हड़ताल का आह्वान किया गया है।हड़ताल में शामिल प्रमुख मांगों में रिक्त पड़े सभी कैडर में पर्याप्त भर्ती तथा सभी अस्थाई कर्मियों के नियमित करने,बैंकिंग क्षेत्र में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह को तुरंत लागू करने,बैंक कर्मियों अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जनता द्वारा किए जाने वाले हमलो दुर्बयव्हार को रोकने सहित बैंको में स्थायी नौकरियों के आउट सोर्सिंग बन्द करने ,बैंकिंग क्षेत्र में अनफेयर लेबर प्रैक्टिस पर रोक लगाने सहित अन्य मांगे शामिल है।हड़ताल को सफल बनाने यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के पदाधिकारी कार्यकर्ता अभी से सक्रिय हो गए हैं। उक्ताशय की जानकारी छग राज्य ग्रामीण बैंक के रिटायर शाखा प्रबंधक व बैंक यूनियन के कर्मचारी नेता कुमुद महेश्वर शुक्ला ने दी है।

### शिवनन्दनपुर में सिटी डेवलपमेंट प्लान की तैयार की जा रही कार्ययोजना



**बिश्रामपुर।** नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में सिटी डेवलपमेंट प्लान अंतर्गत कार्ययोजना तैयार करने का कार्य वर्तमान में किया जा रहा है।नगर पंचायत शिवनंदनपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य शासन के मंशानुरूप नगर पंचायत में सिटी डेवलपमेंट प्लान योजना अंतर्गत सभी वार्डों के लिए पांच वर्षीय कार्य योजना तैयार की जा रही है।उन्होंने बताया कि तैयार किए गए कार्य योजना का चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वयन शुरू कराया जाएगा।कार्ययोजना तैयार करने में नगर पंचायत के संचालन समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल बल्लू, उपाध्यक्ष श्यामू साहू सदस्य शीतिकांत स्वाई, धर्मेंद्र गुप्ता, अनीता सिंह, प्रमिला साहू के अलावा उप अभियंता प्रदीप एक्का सक्रिय हैं।

## पेज 1 के शेष...

### बेकार घूमने के लिए...

मौत के बाद प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम सौतार पखनापारा निवासी 24 वर्षीय राजू बरगाह आ. रामचन्द्र बरगाह ने घटना की शिकायत पुलिस से की। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर लाश को पीएम के लिए भेजने के साथ ही मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू की। घटना स्थल पर खून के धब्बे, टूटी हुई चूड़ियां, बाल के गुच्छे, टूटी हुई माला को जब्त करने के साथ ही लोगों के बयान दर्ज किए गए। साक्ष्य व गवाहों के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति बिनोद बरगाह आ. श्रीमान बरगाह को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही चाकू जब्त किया है।




## हैंडपंप उगल रहे हवा, सोलर पंप ने भी दिया जवाब

# गर्मी शुरू होते ही जल-जीवन मिशन की आपूर्ति ठप, पानी के लिए मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

भीषण गर्मी में ग्राम पंचायत कुदर अंतर्गत भूमि टोंगरी पारा के ग्रामीण भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। भूमि टोंगरी पारा में शासन द्वारा लगाए गए समीप हैण्डपंप सूख गए हैं। पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्रेडा द्वारा स्थापित ट्यूबवेल से एक पखवाड़े से पानी निकलना बंद हो गया है। ग्राम पंचायत द्वारा नया कुदर में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी टंकी से भी आपूर्ति बंद कर दी गई है। ऐसे में ग्रामीण एक निजी ट्यूबवेल के पानी से अपनी प्यास बुझा रहे हैं। ट्यूबवेल के पानी के लिए महिलाओं को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को पानी की भारी मांग एवं अपनी कृषि जरूरतों को देखते हुए ग्रामीणों को निजी ट्यूबवेल स्वामी द्वारा पानी देने से मना करने का भी भय सता रहा है।

**खास बात**
- निजी ट्यूबवेल से ग्रामीण बुझा रहे प्यास

ग्राम पंचायत जूना कुदर में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण करने की स्वीकृति मिली है। विभाग द्वारा पानी टंकी का निर्माण भी कराया गया है लेकिन भूगर्भ में पानी का स्त्रोत नहीं मिलने के कारण योजना शोपीस बनकर रह गई है। ग्राम पंचायत के भूमि टोंगरी पारा में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण पूरा हो गया है तथा बरसात के पूर्व से घर-घर पानी की आपूर्ति भी शुरू कर दी गई थी लेकिन गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा भूमि टोंगरी पारा में पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई है। जिसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। मोहल्ले में लगे सारे हैंडपंप पहले ही सूख चुके हैं तथा हवा उगल रहे हैं। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने क्रेडा द्वारा लगाए गए सोलर पंप से पिछले एक पखवाड़े से पानी नहीं निकल रहा है। ऐसे में ग्रामीणों के समक्ष पेयजल का भीषण संकट उत्पन्न हो गया है।



निजी बोर से पानी भरती गांव की महिलाएं।

### किसान के ट्यूबवेल से बुझा रहे प्यास

पानी की व्यवस्था नहीं होने पर ग्रामीणों ने एक किसान से बात की तथा किसान के ट्यूबवेल से बस्ती के सभी लोग पानी भर रहे हैं। सुबह होते ही ट्यूबवेल पर महिलाओं की भीड़ एकत्र हो जाती है। स्त्रोत कम पानी होने के कारण आधे घंटे में ट्यूबवेल भी बंद हो जाता है फिर लम्बे इंतजार के बाद ट्यूबवेल से पानी निकलता है। यही सिलसिला पूरे दिन चलते रहता है। ग्रामीणों की पानी की भारी मांग एवं स्वयं की जरूरतों को देखते हुए ग्रामीण ने भी कभी भी ट्यूबवेल बंद होने एवं अपने खेत की सिंचाई प्रभावित होने की चेतावनी दे दी है। ऐसे में ग्रामीणों को ट्यूबवेल की आपूर्ति बंद होने पर भविष्य की चिंता सता रही है। ट्यूबवेल के बंद होने पर ग्रामीणों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

**सरपंच ने निकाला पंप**


जल जीवन मिशन के तहत पानी की आपूर्ति के लिए ठेकेदार ने भूमि टोंगरी पारा में ट्यूबवेल का खनन किया था लेकिन पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण इसका उपयोग पानी आपूर्ति के लिए नहीं किया गया। ठेकेदार ने ट्यूबवेल में समर्सिबल पंप भी लगाया था। ग्रामीण स्वयं की व्यवस्था से पंप चलाकर पानी भरते थे। तीन महीने पहले पूर्व सरपंच शोभनाथ ने दबंगई पूर्वक ट्यूबवेल के सबमर्सिबल पंप को निकाल लिया। पूर्व सरपंच द्वारा सबमर्सिबल पंप निकालने के बाद ट्यूबवेल से पानी निकलना बंद हो गया है। ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच शोभनाथ से कई बार सबमर्सिबल पंप लगवाने को कहा लेकिन सरपंच आश्वासन देता रहा है। हाल के पंचायत चुनाव में करारी हार के बाद पूर्व सरपंच अब सबमर्सिबल पंप के संबंध में किसी की बात भी नहीं सुनता जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विभाग के अधिकारियों को भी दी लेकिन अधिकारी भी इसके लिए कोई पहल नहीं कर रहे हैं।

**पूर्व सरपंच से करता हूं बात**

ग्रामीणों के लिए पानी की व्यवस्था की जाएगी। ग्रामीणों को पानी की समस्या नहीं होगी। मैं ठेकेदार, सरपंच एवं पूर्व सरपंच से बात करता हूं।

-मुकेश गुप्ता, एसडीओ, पीएचई

## सोलर पंप डेढ़ साल से खराब, पानी को तरस रहे ग्रामीण





बंद सोलर पम्प एवं जल मिशन के तहत निर्मित चबूतरा के खड़े ग्रामीण।

**प्रतापपुर।** आदिवासी बहुल ग्राम पंचायत खजुरी के ग्रामीण पिछले डेढ़ साल से पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। गांव में सौर ऊर्जा से संचालित सोलर पंप और टंकी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। प्रशासन की अनदेखी के कारण सोलर पंप शो पीस बनकर रह गया है। ग्रामीणों ने क्षेत्र के विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई लेकिन किसी ने भी इस गंभीर समस्या को हल करने की जहमत नहीं उठाई।

पेयजल संकट के चलते ग्रामीण नदी, कुआं और ढोंढ़ी का गंदा पानी पीने को मजबूर है। प्राकृतिक स्त्रोतों का पानी दूषित होने के कारण गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। खासकर बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी के मौसम में यह संकट और भी भयावह रूप ले सकता है। क्रेडा द्वारा ग्राम पंचायत खजुरी में सुजला योजना के तहत सोलर पंप स्थापित किया गया था ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पानी मिल सके लेकिन गुणवत्ताहीन उपकरणों के कारण सोलर पंप कुछ ही महीनों में खराब हो गया। इसके बाद न तो विभाग के अधिकारियों ने इसकी सुध ली न ही जनप्रतिनिधियों ने ही इसके सुधार की पहल की। ग्रामीणों ने कई बार शिकायतें की लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिले। अब आक्रोशित ग्रामीण आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। जल्द समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो ग्रामीण कभी भी विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। लोगों का कहना है कि ठेकेदारों द्वारा गुणवत्ताहीन उपकरण लगाने के कारण पंप कुछ ही महीनों में खराब हो गया। विकासखण्ड में विभिन्न गांवों में इसी तरह सोलर पंप बेकार पड़े हैं। इस संबंध में जनपद सीईओ राधेश्याम मीरझा ने बताया कि क्रेडा को पत्र लिखकर समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा। पंचायत सचिव सहित जांच दल भेजता हूं तथा मैं स्वयं भी गांव जारूंगा। एसडीएम ललिता भगत ने बताया कि स्थिति से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और जल्द व्यवस्था दुरूस्त की जाएगी।

### जयनगर के चट्टीडांड मोहल्ले में गहराया जल संकट

**बिश्रामपुर।** नलजल योजना पर अपना कब्जा जमाए जाने से ग्रामीणों को भीषण पेयजल संकट से जूझने विवश होना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने आज सोमवार को सूरजपुर कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर पेयजल समस्या से शीघ्र निजात दिलाए जाने की मांग की है।सोमवार को कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम जयनगर के चट्टीडांड के नल-जल कनेक्शन को गांव के चमनराम आ. स्व. लबदू राम द्वारा शासकीय भूमि को अपना बताकर काबिज कर नल-जल के पानी को पीने से अन्य ग्रामीणों को मना कर दिया गया है।ऐसे में चट्टीडांड मोहल्ले में बढ़ती गर्मी में पानी के लिए आमजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर से मांग की गई है कि शासकीय भूमि से बाऊण्ड्रीवाल को तुड़वाकर गांव वालों को पेयजल सुविधा मुहैय्या कराई जानी चाहिए। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर विभागीय अधिकारियों के सतत मॉनिटरिंग के अभाव में मोहल्लेवासियों को आएदिन इस तरह से पेयजल संकट से गुजरना पड़ पड़ा है। ज्ञापन सौंपने वालों में विजय कुमार, अमेला कुमार, देववंश कुमार, झींगा, कृष्णा, विनय प्रताप, महेश सारथी, संजय कुमार, लीलावती, सिद्धि, मीना, किरण, मानती व अन्य मौजूद रहे।

# होली में गटक गए लोग 2 करोड़ से अधिक की शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली की खुशियां मनाने में लोग इस बार तीन दिनों में 2.28 करोड़ की शराब गटक गए।

- मदिरा प्रेमियों की बढ़ रही लगातार संख्या
- विभाग को पिछले साल मिला 28 लाख से अधिक राजस्व



पिछले साल की तुलना में इस बार विभाग को 28 लाख रूपए से अधिक का राजस्व मिला है।

मदिरा प्रेमी सिर्फ अपना गम भुलाने के लिए ही नहीं खुशियां मनाने के लिए भी जमकर शराब पीते हैं। इस बार होली के दौरान लोग तीन दिनों मं 2.28 करोड़ की शराब गटक गए हैं। होली को लेकर लोगों में भारी उत्साह था। लोगों ने तरह-तरह से होली की खुशियां मनाई। इस दौरान लोग दो-तीन दिन पहले से ही दूसरों को गुलाल लगाकर होली की खुशियां मनाने में व्यस्त रहे वहीं कुछ रंग-गुलाल लगाकर दोस्तों के साथ भांग व ठंडई का लुत्फ उठाते रहे जबकि बड़ी संख्या में लोग एक दूसरे से मिलकर होली की खुशियां बांटने एवं ढोल-मजीरा के ताल पर फाग गीतों पर झूमते रहे। दूसरी तरफ बड़ी संख्या में लोगों ने दोस्तों के साथ पार्टी कर होली की खुशियां मनाई। क्षेत्र में होली का माहौल तीन दिन पहले ही बन जाता है तथा लोग अलग-अलग तरीकों से खुशियां मनाते हैं।

अन्य लोगों की तरह मदिरा प्रेमी भी तीन दिन पूर्व से ही होली की खुशियां मनाना शुरू कर देते हैं तथा जमकर पार्टी करते हैं। होली के दिन तो न केवल शहर का बल्कि पूरे जिलेभर का माहौल बदल जाता हैं तथा होली की खुशियां गली व सड़कों पर दिखने लगती है। पुलिस की सख्ती होने के बावजूद चारों तरफ लोग होली की खुशियां मनाने हुए झूमते नजर आते हैं। होली की खुशियां मनाने वाले लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है जिससे आबकारी विभाग के राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है। हर साल की तरह इस बार भी होली के दिन शराब दुकानों को बंद रखा गया था इसलिए लोगों ने एक दिन पूर्व ही खुशियां मनाने की व्यवस्था कर ली थी। इस बार सरगुजा में होली के एक दिन पूर्व 118 लाख 30 हजार की शराब बिक्री हुई जबकि होलिका दहन के एक दिन पूर्व 65 हजार की खराब लोगों ने खरीदी। होली के पूर्व तीन दिनों में आबकारी विभाग को शराब से कुल 2 करोड़ 28 लाख का राजस्व मिला है। पिछले साल भी होली पर विभाग को अच्छी आय हुई थी। पिछले साल होली के एक दिन पूर्व 1.5 करोड़ की शराब बिक्री हुई थी जबकि होली के पूर्व तीन दिनों में विभाग को 2 करोड़ की कमाई हुई थी।

इस संबंध में सहायक संचालक आबकारी लक्ष्मीकांत गायकवाड़ ने बताया होली के दौरान तीन दिनों में विभाग को 2.28 करोड़ का राजस्व हासिल हुआ है।

